<u>समाचार</u>

# आयुक्त ने दिलाई अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ

## (निगम कार्यालय साकेत भवन में हुआ राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन)



कोरबा 31 अक्टूबर 2019 –आयुक्त श्री राहुल देव ने आज राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर निगम के अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई, साथ ही उन्होने लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल के द्वारा राष्ट्र निर्माण में दिए गए उनके महान योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशों के तहत नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में आज लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। आयुक्त श्री राहुल देव ने निगम के अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ ग्रहण कराई, अधिकारी कर्मचारियों ने इस मौके पर सत्यनिष्ठा से शपथ लेते हुए कहा कि हम राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करेंगे और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करेंगे। हम यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहे हैं, जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं उनके कार्यो द्वारा संभव बनाया जा सका, हम अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करते हैं। इस अवसर पर आयुक्त श्री राहुल देव ने भारत के पूर्व गृहमंत्री महान नेता, लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के द्वारा राष्ट्र के निर्माण में दिए गए उनके महान योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से अधिकारी कर्मचारियों को अवगत कराया।

इस मौके पर अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, मुख्य लेखाधिकारी श्री पी.आर.मिश्रा, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, कार्यपालन अभियंता एम.एन.सरकार, भूषण उरांव व आर.के.भोजासिया, निगम सचिव पवन वर्मा, सहायक अभियंता योगेश राठौर, राजेश पाण्डेय, एच.आर.बघेल, कार्यालय अधीक्षक आर.एल.अनंत, आनंद गुप्ता, नासिर सईद, अरूण मिश्रा, मनोज केशरवानी, दिवाकांत जायसवाल, हेमंत गभेल, हिमांशु राठौर, प्रकाश निषाद, आनंद दुबे, सरस देवांगन, श्रीमती

बीना प्रसाद, कुमारी आभा सिंह, परमेश्वर प्रसाद शर्मा, शंकरलाल साहू, सुभाष चन्द्र राठिया, हरिहरदास महंत, तीजराम साहू आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ग्रहण की।